पत्र संख्या–कमिश्नर कैम्प/मिशन शक्ति/2021–22/ 188 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।
(कमिश्नर कैम्प)

लखनऊ :: दिनांक :: ~~26~~ 27 अगस्त, 2021

समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड–1,
वाणिज्य कर, उ0प्र0।

महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन तथा उन्हें सशक्त करने के उद्देश्य से मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 सरकार द्वारा राज्य में "मिशन शक्ति अभियान" चलाया जा रहा है। इस अभियान में महिलाओं को सीधे रोजगार से जोड़ने के दृष्टिगत वाणिज्य कर विभाग अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। इस उद्देश्य से प्रत्येक जोनल कार्यालयों में एक **"महिला उद्यमी हेल्प डेस्क"** की स्थापना की जानी है, जिसमें वाणिज्य कर विभाग की ऐसी महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तैनाती की जाए, जो महिलाओं को जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन, रिटर्न फाइलिंग तथा जी0एस0टी0 से सम्बन्धित अन्य वांछित यथा आवश्यक जानकारी प्रदान कर सकें।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 सरकार की प्राथमिकता के अभियान मिशन शक्ति के दृष्टिगत अपने जोनल कार्यालयों में एक **"महिला उद्यमी हेल्प डेस्क"** की स्थापना कर हेल्प डेस्क में अपने जोन की दक्ष महिला अधिकारियों/कर्मचारियों की तैनाती करना सुनिश्चित करें।

27/8/2021

(मिनिस्ती एस0)
कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0, लखनऊ।
02. एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर, उ0प्र0, लखनऊ।

(राजेश प्रताप सिंह चन्देल)
ज्वाइण्ट कमिश्नर एवं
वरिष्ठ स्टाफ अधिकारी,
कमिश्नर, वाणिज्य कर, लखनऊ।